संख्या.सी.29011/02/2021-सीडीएन

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

***

सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक 17th सितंबर, 2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए अगस्त, 2021 के महीने के मासिक सार के संबंध में

अधोहस्ताक्षरी को अगस्त, 2021 के महीने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों से संबंधित मासिक सार की प्रति को मंत्रिमंडल हेतु परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

(एम. के. मीणा)
उप सचिव,भारत सरकार
फोन : 23385365

संलग्न: यथोपरि।
सेवा में

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

संलग्नकों सहित प्रति अग्रेषित:

1. भारत सरकार के सभी सचिव (सभी मंत्रालय / विभाग)
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थ: सचिव (एचई) के वरि. प्रधान निजी सचिव।

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

मंत्रिमंडल के लिए अगस्त, 2021 माह का मासिक सार:

अगस्त, 2021 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. मंथन 2021: 'राष्ट्रीय सुरक्षा' संबंधी भारत का पहला हैकथॉन'

शिक्षा मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने खुफिया एजेंसियों के सम्मुख आने वाली 21वीं सदी की सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का समाधान करने हेतु नवीन अवधारणाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों को अभिज्ञात करने के लिए 26 अगस्त, 2021 को मंथन- 2021 हैकथॉन का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। देश भर के शैक्षिक संस्थानों से युवा और पंजीकृत स्टार्ट-अप इसमें भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे नई तकनीकों का प्रयोग करते हुए 20 विभिन्न चुनौतियों के लिए 6 विषयों के अंतर्गत डिजिटल समाधान विकसित करेंगे।

2. कर्नाटक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की

कर्नाटक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ करने वाला पहला राज्य बन गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री द्वारा 23 अगस्त, 2021 को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बंगलुरु में किया गया था।

3. शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'शिक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग' संबंधी राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत परिवर्तनकारी सुधारों का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के विभिन्न पहलुओं पर थीम आधारित वेबिनार की एक श्रृंखला का आयोजन किया।

(क) भारतीय ज्ञान प्रणाली, भाषा, कला और संस्कृति के आलोक में शिक्षा के रुपांतरण के संबंध में राष्ट्रीय वेबिनार

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने 5 अगस्त, 2021 को भारतीय ज्ञान प्रणाली, भाषा, कला और संस्कृति के रूप में एनईपी के नवीन क्षेत्रों में से एक होने के नाते, भारतीय ज्ञान प्रणाली, भाषा, कला और संस्कृति के आलोक में शिक्षा के रुपांतरण के संबंध में एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री मुख्य अतिथि थे।

(ख) शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में राष्ट्रीय वेबिनार:

प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख नवीन क्षेत्रों में से एक है, शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 10 अगस्त, 2021 को शिक्षा को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल देते हुए 'शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में राष्ट्रीय वेबिनार' का आयोजन किया।

4. गुणवत्तापरक अध्यापक शिक्षा, प्रत्यायन और अध्यापक विकास संबंधी राष्ट्रीय वेबिनार

शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने "गुणवत्तापरक अध्यापक शिक्षा, प्रत्यायन और अध्यापक विकास" संबंधी एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में डिजिटल एकीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर भाषा के प्रभाव, शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने, समग्र शिक्षक विकास, भविष्य के शिक्षक, 21वीं सदी के कौशल विकसित करने में शिक्षक की भूमिका, गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और प्रत्यायन पर केन्द्रित था।

5. जी20 अनुसंधान मंत्रियों की बैठक

शिक्षा राज्य मंत्री ने 6 अगस्त, 2021 को जी20 अनुसंधान मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। बैठक की मेजबानी इटली ने की। जी20 शिक्षा मंत्रियों ने एक सुदृढ़, सतत, लचीली और समावेशी रिकवरी के लिए जी20 देशों के बीच अनुसंधान सहयोगों को बढ़ाने और डिजिटल स्पेस साझा करने संबंधी विचारों का आदान-प्रदान किया।

6. उच्च शिक्षा तक पहुंच में सुधार

राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ)- एक स्वायत्त निकाय की संरचना और अन्य विशिष्टताओं को अंतिम रूप देने के लिए गठित कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक 26.08.2021 को आयोजित की गई थी। शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री ने समिति को संबोधित किया और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विचारों के मुक्त आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु एनईटीएफ की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

****